AMAR UJALA, Delhi, 17.1.2025
Page No. 9, Size:(5.23)cms X (3.29)cms.

गेल ने महाराष्ट्र के रायगढ़ में स्कूलों के बुनियादी ढांचे में मदद शुरू की

नई दिल्ली (वि)। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने सीएसआर कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शैक्षिक बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से विकासात्मक पहल शुरू की है। यह पहल वंचित बच्चों के लिए गेल के प्रमुख कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट उज्ज्वल' का हिस्सा है। इस पहल में विभिन्न स्कूलों को के बुनियादी ढांचे और रसद की सहायता शामिल है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष एवं रायगढ़ सांसद सुनील दत्तात्रेय तटकरे ने पहल का शुभारंभ किया। उन्होंने गेल की पहल की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति वरदा सुनील तटकरे और गेल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।